डारो डारो री रंग बनवारी पै

डारो डारो री रंग बनवारी पै, डारो डारो री।
लालहिं लाल गुलाल गाल मलु, मलु अबीर लटकारी पै,

डारो डारो री। रंग बिरंग रंग पिचकारिन,
डारो री गिरिधारी पै, डारो डारो री।

छोरी लेउ याकी लटुकी कमरिया,
लै चलु भानुदुलारी पै, डारो डारो री।

सेहरा बांधि बनाय दुल्हनिया,
मिली नचाऊ अलि तारी पै, डारो डारो री।

बलिहारी 'कृपालु' ब्रज नारिन,
बलिहारी येही यारी पै, डारो डारो री।

Source: https://www.bharattemples.com/daaro-daaro-ri-rang-banwaari-pai/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw